दिनांक 07.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

''77 एम.एल.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य को महापौर परिषद् के समस्त सदस्यों के द्वारा सर्वेसम्मति से निगोसेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।''

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवन्द्र यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद् की बैंठक में सिर्फ एक प्रस्ताव आज 77 एम.एल.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य के आय प्रस्ताव को निविदा दर न्यूनतम दर से अधिक प्रतिक होने को लेकर इस प्रस्ताव को उपस्थित समस्त सदस्यों के द्वारा सर्वेसम्मति से निगोसेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर परिषद् की बैंठक के प्रारंभ में निगम सचिव के द्वारा संक्षेपिका पढ़कर प्रस्तुत किया गया। आज की बैंठक में 77 एम.एल.डी. जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य के संबंध में 77 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में 08 फिल्टर बेड है 05 नग फिल्टर बेड बदलने के कार्य हेतु राशि रू. 26.01 लाख (छब्बीस लाख एक हजार रूपये) मात्र का प्राक्कलन तैयार किया गया है। जिसकी तकनीकि स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रण की अनुमति आयुक्त महोदय के द्वारा प्रदान की गई थी। प्रथम निविदा निरस्त कर पुनः द्वितीय एवं तृतीय निविदा आमंत्रण का संकल्प महापौर परिषद् द्वारा 23 जुलाई 2016 को किया गया हैं। कार्य की चतुर्थ निविदा ई–प्रॉक्यूमेंट निविदा टेण्डर सूचना 13 सितम्बर 2017 को जारी की गई। जिसमें दो निविदाकारों ने भाग लिया।

पहला निविदाकार में. किरन कन्सट्रक्शन नेहरू नगर भिलाई रू. 35,56,681.40 रूपये आइटम दर प्रस्तुत किया गया। दूसरा मे. आर.आर. साहु नेहरू नगर भिलाई ने रू. 42,05,906.00 रूपये आइटम दर प्रस्तुत किया गया था। मे. किरन कन्सट्रक्शन नेहरू नगर द्वारा प्रस्तुत दर प्रथम न्यूनतम है। इसी प्रकरण में पूर्व तृतीय निविदा में कार्य हेतु मेसर्स वाय.आर. सिंह द्वारा रू. 24,00,336.00 मात्र दर प्रस्तुत की गई थी। अतः प्राप्त न्यूनतम दर अधिक प्रतित होती है। अतः निविदादाता से दर समझौता वार्ता करने की अनुशंसा निविदा एव क्रय समिति द्वारा 02 नवम्बर 2017 को की गई।

77 एम.एल.डी जलशुद्धिकरण संयंत्र में फिल्टर मीडिया बदलने का कार्य में मेसर्स किरन कन्सट्रक्शन नेहरू नगर, भिलाई से दर समझौता वार्ता करने की अनुमति हेतु प्रकरण महापौर परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें महापौर परिषद् में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को लेकर निगोसेशन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में श्री नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, जोहन सिन्हा, दिवाकर भारती, दुर्गा प्रसाद साहु, सूर्यकांत सिन्हा, साकेत चन्द्राकर, सोशन लोगन, सुशीला देवांगन, सुभद्रा सिंह, निगम आयुक्त की ओर से श्री बी.के. देवांगन, निगम सचिव जीवन लाल वर्मा, जनसंपर्क अधिकारी श्री सुभाष सिंह ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी

कार्यालय
नगर पालिक निगम भिलाई दुर्ग